समाचार

पेंशन हितग्राहियों का होगा आधार सीडिंग व वेरीफिकेशन कार्य

कोरबा 03 नवम्बर 2022 – शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का आधार सीडिंग एवं आधार वेरीफिकेशन का कार्य किया जाना हैं, इस हेतु पेंशन प्राप्त हितग्राहियों के आधार कार्ड व बैंक पासबुक की छायाप्रति समाज कल्याण विभाग की पेंशन शाखा में जमा कराया जाना होगा। आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के समस्त जोन उप प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे पेंशन हितग्राहियों से आधार कार्ड व बैंक पासबुक की छायाप्रति प्राप्त कर समाज कल्याण विभाग को भेजना सुनिश्चित कराएं।

शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हितग्राहियों को पेंशन राशि एन.एस.ए.पी. के माध्यम से समाज कल्याण विभाग कोरबा के द्वारा आनलाईन पेंशन भुगतान किया जा रहा हैं, लाभांवित पेंशन हितग्राहियों का आधार सीडिंग एवं आधार वेरीफिकेशन का कार्य किया जाना हैं। आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के समस्त जोन उप प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे अपने जोन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डो के पेंशन प्राप्त हितग्राहियों से आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति प्राप्त कर समाज कल्याण विभाग की पेंशन शाखा में भेजना सुनिश्चित कराएं ताकि आधार सीडिंग एवं आधार वेरीफिकेशन का कार्य शतप्रतिशत रूप से पूर्ण किया जा सके। उन्होने निगम के समस्त वार्ड पार्षदों से आग्रह किया है कि वे इस में अपना आवश्यक सहयोग प्रदान करें।